


मदरहुड विवि में सम्मानित किए गए टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विजेता।

# दो विजेताओं को मिले लैपटॉप

**मदरहुड विवि में टैलेंट हंट की अंतिम चरण की प्रतियोगिता संपन्न**


**रुड़की।** मदहुड विवि में रविवार को मदरहुड टैलेंट हंट-2019 की अंतिम चरण की परीक्षा संपन्न हुई। इसके बाद कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा और निदेशक प्रशासन दीपक मिश्रा ने विजेता 96 छात्रों को पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रथम स्थान पाने वाले 12वीं के वंश यादव और दसवीं के अनिमेश उपाध्याय को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। रविवार को विवि में आयोजित अंतिम चरण की प्रतियोगिता में 100 छात्रों ने भाग लिया। 12वीं वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले इंद्रप्रस्थ स्कूल मोरना के वंश यादव को लैपटॉप, द्वितीय स्थान पाने वाले होली एंजल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल लक्सर के तुषार कुमार को टेबलेट दिया गया। 15 छात्रों को स्मार्ट वॉच दी गई। दसवीं वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एसपीएमएसवीएम इंटर कॉलेज सहारनपुर के अनिमेश उपाध्याय को लैपटॉप, द्वितीय स्थान पाने वाले जेवी जैन डिग्री कॉलेज सहारनपुर के अजय को टेबलेट दिया गया। तृतीय स्थान पाने वाली एसएसएस महिला इंटर कॉलेज हरिद्वार की प्रिंसी सैनी को स्मार्टफोन दिया गया। 15 छात्रों को स्मार्ट वॉच दी गई। कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दूरदराज क्षेत्रों के छात्रों प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर आर कस्तूरी, डॉ. पीके अग्रवाल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनिल कुमार कपिल, डीन डॉ. वीके शर्मा, प्रधानाचार्य फार्मेसी डॉ. संतोष कुमार वर्मा, डीन डॉ. जेपी श्रीवास्तव, डॉ. राजीव कुमार, प्रधानाचार्य अंकित शर्मा, विनोद बिष्ट, अनुपम गुप्ता, दीप्ति शास्त्री मौजूद रहे।

---

**अमर उजाला Job Alert**

## अप्रेंटिस के लिए करें आवेदन

**भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ALIMCO)**



- **ट्रेड विवरण :** फिटर, मेंटेनेंस मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, टर्नर एवं कारपेंटर।
- **पदों की संख्या :** 26
- **आयु सीमा :** न्यूनतम 18 वर्ष (31 जनवरी, 2020 को)।
- **प्रशिक्षण अवधि :** एक वर्षीय

**www.alimco.in**

- **शैक्षणिक योग्यता:** 10+2 शिक्षा पद्धति से 10वीं उत्तीर्ण (गणित एवं विज्ञान संकाय) या समतुल्य व संबंधित ट्रेड से मान्य आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य पात्रताएं।
- **आवेदन प्रक्रिया :** www.apprenticeship.gov.in पर पंजीकरण के पश्चात, समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र को कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जी.टी.रोड, कानपुर-209717 के पते पर भेजें।
- **ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि :** 17 फरवरी, 2020

## ईआईएल में इंजीनियर के पदों पर अवसर

**इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (EIL)**



- **विरण :** केमिकल इंजीनियर्स (एग्जीक्यूटिव ग्रेड-I,II एवं III)
- **पदों की संख्या :** 17
- **आयु सीमा:** अधिकतम 37/41/45 वर्ष (31 जनवरी, 2020 को)

हिन्दुस्तान देहरादून • सोमवार • 03 फरवरी 2020 06

# टेलेंट हंट में मेधावियों को किया सम्मानित

रुड़की | **हमारे संवाददाता**

मदरहुड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मदरहुड टेलेंट हंट 2019 प्रतियोगिता के अंतिम चरण की परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा, कुलसचिव आर कस्तूरी एवं निदेशक प्रशासन दीपक शर्मा ने पुरस्कृत किया।

कुलपति ने कहा कि किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है तथा उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है। अंतिम चरण की प्रतियोगिता में 100 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें बारहवीं कक्षा के छात्रों के वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वंश यादव को लैप टॉप, द्वितीय स्थान पाने वाले तुषार कुमार को टेबलेट तथा तृतीय स्थान पाने वाले उमर फरीदी को स्मार्टफोन दिया गया। दसवीं वर्ग के छात्रों में प्रथम स्थान पाने वाले अनिमेश उपाध्याय को लैपटॉप, द्वितीय स्थान पाने वाले अजय करणवाल को टेबलेट तथा तृतीय स्थान पाने वाले प्रिंसी सैनी को स्मार्टफोन दिया गया। वहीं प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 15 स्मार्ट वॉच दी गई। इसके अलावा 25 छात्रों को विशेष पुरस्कारस्वरूप स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। इससे पूर्व मदरहुड टेलेंट हंट 2019 में प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. पीके अग्रवाल ने सभी को प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार कपिल, डॉ. वीके शर्मा, डॉ. संतोष कुमार वर्मा, जेपी श्रीवास्तव थे।



रुड़की के मदहुड में टैलेंट हंट के विजेता सम्मानित किए गए। • हिन्दुस्तान

# टैलेंट हंट में सफल 96 विद्यार्थी पुरस्कृत

जागरण संवाददाता, रुड़कीः मदरहुड विश्वविद्यालय में मदरहुड टैलेंट हंट-2019 प्रतियोगिता के अंतिम चरण की परीक्षा में सफल होने वाले 96 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

रविवार को मदरहुड विश्वविद्यालय में मदरहुड टैलेंट हंट के विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए समारोह की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि मदरहुड विवि देहात और दूरदराज के क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए सदा तत्पर रहता है। गत वर्ष दिसंबर में विवि की ओर से टैलेंट हंट प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी। इसमें हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और देहरादून जिले के लगभग 4500 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में 100 छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें बारहवीं कक्षा के छात्रों के वर्ग में प्रथम आने वाले इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना के वंश यादव को लैपटॉप प्रदान किया गया। द्वितीय रहे होली इंजल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल लक्सर के तुषार कुमार को टेबलेट दिया। तृतीय रहे न्यू स्टेपिन्गस पुरकाजी के उमर फरीदी को स्मार्ट फोन मिला। दसवीं वर्ग के छात्रों में प्रथम स्थान हासिल करने वाले एसपीएमएसवीएम इंटर कॉलेज सहारनपुर के अनिमेश उपाध्याय लैपटॉप दिया गया। द्वितीय रहे जेवी जैन डिग्री कॉलेज सहारनपुर के अजय कर्णवाल को टेबलेट और तृतीय स्थान पर रहे एसएसएस महिला इंटर कॉलेज सतिकुंड हरिद्वार की प्रिंसी सैनी को स्मार्टफोन दिया गया। इसके अलावा छात्रों को स्मार्ट वॉच, विशेष पुरस्कार आदि प्रदान किए गए। इस मौके पर कुलसचिव आर कस्तूरी, निदेशक प्रशासन दीपक शर्मा, प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. पीके अग्रवाल, विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अनिल कुमार कपिल, डॉ. वीके शर्मा, डॉ. संतोष कुमार वर्मा, डॉ. जेपी श्रीवास्तव, डॉ. राजीव कुमार, अंकित शर्मा, विनोद बिष्ट, अनुपम गुप्ता, दीप्ति शास्त्री आदि उपस्थित रहे।




मदरहुड विश्वविद्यालय में आयोजित टेलेंट हंट प्रतियोगिता में विजेता छात्र को पुरस्कार देते संस्थान के (दाएं) कुलपति प्रो . नरेंद्र शर्मा ● आयोजक संस्था

# कई स्कूलों के 96 छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

● जनवाणी संवाददाता, भगवानपुर।

**मदरहुड** विश्वविद्यालय, रूड़की के तत्वावधान में आयोजित मदरहुड टैलेंट हण्ट 2019 प्रतियोगिता के अन्तिम चरण की परीक्षा में सफल होने वाले 96 छात्र-छात्राओं को मदरहुड विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डॉ. नरेंद्र शर्मा, कुलसचिव, आर कस्तूरी एवं निदेशक प्रशासन, दीपक शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. नरेंद्र शर्मा ने बताया कि मदरहुड विश्वविद्यालय पूर्व में भी देहात तथा दूरदराज क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए सदा ही तत्पर रहा है। यह प्रतियोगिता इसी कड़ी का एक हिस्सा है। कुलपति ने कहा कि किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है तथा उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है। उन्होंने प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों को आशीर्वाद दिया तथा सफल छात्रों को बधाई देते हुए जीवन में आगे बढ़ने के मन्त्र भी दिए।

यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी, जिसमें जिला हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर एवं देहरादून के 4500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। अंतिम चरण की प्रतियोगिता में 100 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया, जिसमें 12वीं कक्षा के छात्रों के वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना के वंश यादव को लैपटॉप दिया गया। द्वितीय स्थान होली इंजल्स सीनियर सैकेन्ड्री




स्कूल लक्सर के तुषार कुमार को टेबलेट दिया गया। तृतीय स्थान न्यू स्टेपिन्स पुरकाजी के उमर फरीदी को स्मार्टफोन मिला। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 12वीं वर्ग के 15 छात्रों को स्मार्ट वॉच तथा 10 छात्रों को लकी ड्रा में सफलता हेतु पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ 25 छात्रों को विशेष पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्द्धन किया गया।

दसवीं वर्ग के छात्रों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एसपीएमएसवीएम इंटर कॉलेज सहारनपुर के अनिमेश उपाध्याय को लैपटॉप, द्वितीय स्थान जेवी जैन डिग्री कॉलेज सहारनपुर के अजय करणवाल को टेबलेट तथा तृतीय स्थान एसएसएस महिला इण्टर कॉलेज शांतिकुंज हरिद्वार की प्रिंसी सैनी को स्मार्ट फोन दिया गया। 10वीं वर्ग की प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 15 स्मार्ट वॉच तथा 25 छात्रों को विशेष पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्द्धन किया गया।

कई जिलों के विभिन्न विद्यालयों से आए 30 प्रधानाचार्यों, प्रबन्धकों तथा 125 शिक्षकों को कुलपति ने शॉल तथा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

इससे पूर्व मदरहुड टैलेंट हण्ट 2019 में प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. पीके अग्रवाल ने सभी को प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अनिल कुमार कपिल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. वीके शर्मा, प्रधानाचार्य फार्मेसी डॉ. सन्तोष कुमार वर्मा, विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जेपी श्रीवास्तव, कृषि संकाय के उप-अधिष्ठाता डॉ. राजीव कुमार, अभियांत्रिकी संकाय के प्रधानाचार्य अंकित शर्मा, विभागाध्यक्ष पैरामेडिकल विनोद बिष्ट, परीक्षा नियंत्रक

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
■ देहरादून ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ।
■ पटना ■ कानपुर ■ वाराणसी से
देहरादून
सोमवार ● 3 फरवरी ● 2
पृष्ठ 16, वर्ष-13, अंक 4438, मूल्य

# मदरहुड टेलेंट हंट में 96 छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

■ रुड़की/एसएनबी।

मदरहुड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित मदरहुड टेलेंट हंट 2019 प्रतियोगिता के अंतिम चरण की परीक्षा में सफल होने वाले 96 छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डा. नरेंद्र शर्मा, कुलसचिव आर. कस्तूरी एवं निदेशक प्रशासन दीपक शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. डा. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि मदरहुड विवि पूर्व में भी देहात तथा दूरदराज क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए सदा ही तत्पर रहा है। यह प्रतियोगिता इसी कड़ी में से एक है। कुलपति ने कहा कि किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेना ही छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है व उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करता है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को आशीर्वाद दिया तथा सफल छात्रों को बधाई देते हुए जीवन में और अधिक सफलता प्राप्त करने के मंत्र भी दिये। अंतिम चरण की प्रतियोगिता में सौ छात्रों ने भाग लिया, जिसमें 12वीं कक्षा के छात्रों के वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना के वंश यादव को लैप टॉप प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान होली इंजल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल लक्सर के तुषार कुमार को टैबलेट दिया गया। तृतीय स्थान न्यू स्टेपिंगस पुरकाजी के उमर फरीदी को स्मार्टफोन दिया गया। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाहरवी वर्ग के 15 छात्रों को स्मार्ट वॉच दी गई तथा 10 छात्रों को लकी ड्रा में सफलता के लिए पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके अलावा 25 छात्रों को विशेष पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिह्न तथा प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्द्धन किया गया। दसवी वर्ग के छात्रों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एसपीएमएसवीएम इंटर कॉलेज सहारनपुर के अनिमेश उपाध्याय को लैपटॉप प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान जेवी जैन डिग्री कॉलेज सहारनपुर के अजय करणवाल को टैबलेट दिया गया। तृतीय स्थान एसएसएस महिला इंटर कॉलेज सतिकुण्ड हरिद्वार की प्रिंसी सैनी को स्मार्टफोन दिया गया। दसवी वर्ग की प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 15 स्मार्ट वॉच दी गई। इसके अलावा 25 छात्रों को विशेष पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिह्न व प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्द्धन किया गया।



रुड़की : विजेता छात्र को लैपटॉप देकर सम्मानित करते कुलपति।

कार्यक्रम में हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर व जिला देहरादून के विभिन्न विद्यालयों से पधारे 30 प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों तथा 125 शिक्षकों को कुलपति द्वारा शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. अनिल कुमार कपिल ने कार्यक्रम में पधारे विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, आचार्यों, छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विवि के शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डा. वीके शर्मा, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. संतोष कुमार वर्मा, विधि संकाय के अधिष्ठाता डा. जेपी श्रीवास्तव, कृषि संकाय के उपअधिष्ठाता डा. राजीव कुमार, अभियांत्रिकी संकाय के प्रधानाचार्य अंकित शर्मा, विभागाध्यक्ष पैरामेडिकल विनोद बिष्ट, परीक्षा नियंत्रक अनुपम गुप्ता, प्रवेश प्रभारी दीप्ति शास्त्री तथा समस्त विभागों के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।